# अब नोएडा में डिजाइन की जाएगी विश्व की अत्याधुनिक नैनो चिप

## जापान की कंपनी भारत में पहली बार बनाएगी तीन नैनोमीटर की चिप

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक नक्शे पर एक और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया है। जापान की प्रतिष्ठित सेमीकंडक्टर कंपनी रेनेसास इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ने नोएडा में अपने अत्याधुनिक चिप डिजाइन सेंटर की शुरुआत की है।

खास बात यह है कि यहां विश्व की सबसे एडवांस्ड तीन नैनोमीटर की चिप को डिजाइन किया जाएगा। यह न केवल भारत के लिए तकनीकी क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी बल्कि उत्तर प्रदेश को सेमी कंडक्टर इंडस्ट्री का गढ़ बनाने का लक्ष्य पूरा होगा।

नोएडा में स्थापित रेनेसास का यह चिप डिजाइन सेंटर भारत का पहला ऐसा केंद्र होगा, जहां तीन नैनोमीटर इंटीग्रेटेड सर्किट डिजाइन किए जाएंगे। यह तकनीक वर्तमान में दुनिया की गिनी-चुनी कंपनियों के पास है। सेमीकंडक्टर बनाने वाली रेनेसास का मुख्यालय जापान की राजधानी टोक्यो में है। यह हिताची और मित्सुबिशी सेमीकंडक्टर इकाइयों की संयुक्त इकाई है। वैश्विक दिग्गज के तौर पर, चिप डिजाइन की यह क्षमता भारत को सेमीकंडक्टर उद्योग में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएगी।

वर्तमान में, रेनसास कंपनी के नोएडा केंद्र में 150 विशेषज्ञ हैं जिसे आगे बढ़ाकर 1500 किया जाएगा। उत्तर प्रदेश को सेमीकंडक्टर का 'सुपर हब' बनाने के लिए लागू उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति में सेमीकंडक्टर निर्माण, व चिप डिजाइन के संयंत्र लगाने के लिए पूंजीगत सहायता, ब्याज उपादान, जमीन मूल्य, स्टांप, विद्युत शुल्क में छूट के आकर्षक प्रावधान किए गए हैं। यह निवेश न केवल युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा, बल्कि उत्तर प्रदेश को 'नॉलेज हब' के रूप में भी स्थापित करेगा।

### इंटीग्रेटेड सर्किट के बिना इलेक्ट्रॉनिक उपकरण संभव नहीं

इंटीग्रेटेड सर्किट इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इंटीग्रेटेड सर्किट (आईसी) इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का एक अभिन्न अंग है, जो लगभग हर जगह पाए जाते हैं। इसका उपयोग मोबाइल फोन, कंप्यूटर, टीवी, कार और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में डाटा प्रोसेस करने, स्टोर करने में किया जाता है। कम्प्यूटर में माइक्रोप्रोसेसर, मेमोरी चिप्स के अलावा मोबाइल फोन व नेटवर्क उपकरण, टीवी, म्यूजिक प्लेयर जैसे उत्पाद, मशीनरी, रोबोटिक्स, कार, मोटरसाइकिल आदि में होता है।